दैनिक
न्याय साक्षी

महत्वपूर्ण एवं खास

साउथ कोरिया की खिलाड़ी को हराकर रायगढ़ की भाविका ने जीता गोल्ड

रायगढ़। रायगढ़ की बेटी भाविका ने एक बार फिर दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में अपने उत्कृष्ठ खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल जीता। इसके पूर्व भी भाविका अपने शानदार खेल के द्वारा गोल्ड मैडल जीत चुकी है। आईडीएस ओ कुकी वन कप ताइक्कांडो इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2019 नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 5जून से 7 जून को आयोजित हुआ जिसमें बारह देशों के खिलाडियों ने भाग लिया छत्तीसगढ़ से 105 बच्चे थे इस प्रतियोगिता में भारत से 200 से अधिक खिलाड़ी थे इसमें प्रथम पायदान पर साउथ कोरिया व दूसरे नंबर पर भारत रहा। छतीसगढ़ को 65 मैडल प्राप्त हुआ जिसमें रायगढ़ की भाविका पाण्डेय को गोल्ड मैडल मिला।

आदित्य सिंह का मेडिकल में हुआ चयन

रायगढ़। कोड़ातराई निवासी धनंजय सिंह व श्रीमती सुमित्रा सिंह के पुत्र आदित्य सिंह ने नीट की परीक्षा 510 अंक लाकर मेडिकल की पढ़ाई के लिए योग्यता हासिल कर ली है। वे ग्राम पंचायत चिखली के उपसरपंच रामबदन सिंह के पौत्र हैं, जो बदन बस के संचालक हैं। आदित्य प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहे हैं। वे 12वीं की पढ़ाई के बाद नीट परीक्षा के लिए दुर्ग में कोचिंग कर रहे थे। उनकी सफलता पर गांव में खुशी का माहौल है।

रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी, 16 वर्षीय बालक की दबने से मौत

रायगढ़ । खरसिया थाना क्षेत्र के भालुनारा के पास एक रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिससे ट्रॉली के नीचे दब जाने से एक 16 वर्षीय बालक की मौत हो गई। मृतक का नाम शैलेन्द्र कुमार रात्रे पिता मंगल सिंह रात्रे उम्र 16 वर्ष निवासी मदनपुर खरसिया है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर में मृतक शैलेन्द्र कुमार व चालक एवं एक अन्य मजदूर पास से ही ट्रैक्टर ट्रॉली रेत लोड़ कर आज रहे थे इस दौरान ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिसमें दबकर शैलेन्द्र की मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद चालक व मजदूर मौके से फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही खरसिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेजा।

मल्चिंग सीट एवं ड्रीप सिंचाई से जुड़कर किसान बाड़ी विकास योजना का ले रहे लाभ

» किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे निःशुल्क बीज एवं फलदार पौधे » बाड़ी को सुरक्षित रखने के लिए बताए जा रहे उपाय

रायगढ़। छत्तीसगढ़ शासन की नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान कर रही है। ग्रामवासियों के परम्परागत बाडियों को साग-सब्जियों के लिए उन्नत बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा है कि ग्रामवासियों को अपने गांव में एक ही जगह पर बाड़ी के लिए नाला, गाय रखने के लिए गौठान, खाद के लिए घुरवा की सुविधा मिल सके, ताकि किसान भाई-बंधु इसका लाभ उठा सके।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने बताया कि एनजीबी योजनान्तर्गत अंतर्गत किसानों को बाड़ी के लिए अनुदान पर मल्चिंग सीट की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। साथ ही निःशुल्क मिर्च, भिन्डी, बरबटी, करेला का बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। ड्रीप सिंचाई योजना के तहत किसानों को सिंचाई के साधन उपलब्ध कराए जा रहे है। जिले में 114 ग्राम पंचायत में 11400 किसानों को बाड़ी विकास से लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें किसानों को फलदार वृक्ष भी दिया जा रहा है, ताकि वे अपने बाड़ी के मेड़ो में लगाकर हरा-भरा कर सके। खेत में मेड़ बनाने का कार्य प्लास्टिक मल्चिंग सीट का उपयोग बाड़ी में कैसे बिछाया जाता है। इसके बारे में भी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि किसानों को बाड़ी विकास के साथ जोड़कर खेती-बाड़ी को संरक्षित करने के लिए नमी को कैसे सोखा जाता है। खरपतवार को दूर करना साथ ही तेज धूप से जमीन को सुरक्षित रखने और ड्रीप सिंचाई से पानी के उपयोग के बारे में बताया जा रहा है।

उद्यान अधिकारी एस.एन.कुशवाहा ने बताया कि घरघोड़ा विकासखण्ड के ग्राम बैहामुड़ा के किसान सुरेश पटेल को मनरेगा से स्वीकृत परम्परागत कच्चा वर्मी टांका की सुविधा दी गई है। साथ ही उनको मलचिंग सीट भी दिया गया है। किसान भाई-बंधु प्रोत्साहित होकर अपनी बाड़ी में लकड़ी और बास-बल्ली की व्यवस्था करके बाड़ी को सुरक्षित रख रहे है। इसी प्रकार खरसिया विकासखण्ड के कृषक मुरलीधर साहू भी अपने बाड़ी योजना का लाभ लेकर अपने खेतों में बैगन, पत्तागोभी, मिर्च, टमाटर, धनिया, बरबटी, परवल की खेती कर रहे है। किसानों को उन्नत तकनीकी से खेती करके कम लागत से अधिक लाभ के बारे में भी बताया जा रहा है, ताकि किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके।

हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर रामभांठा में स्वास्थ्य संगवारी दिवस आयोजित

रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार के दिशा निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में गैर संचारी रोग नियंत्रण माह के अवसर पर हेल्थ एंड वैलनेस सेन्टर रामभांठा में स्वास्थ्य संगवारी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ.टी.के.टोण्डर ने बताया कि शिविर में रायगढ़ शहर के मितानिन प्रशिक्षकों, मितानिनों, महिला आरोग्य समिति के सदस्यों का शुगर एवं उच्च रक्तचाप के साथ मुख संबंधी एवं मानसिक बीमारियों की जांच एवं उपचार किया गया। साथ ही जन जागरूकता हेतु विभिन्न प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें रंगोली, मेहंदी, कुर्सी दौड़ को शामिल किया गया था। जिसमें महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। स्वास्थ्य संगवारी दिवस शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.राकेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

खाना बनाते समय झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

» पती को बचाते पति भी झुलसा

रायगढ़ । खाना बनाने के लिए चूल्हा जला रही एक महिला बुरी तरह झुलस गई। गंभीर रूप से झुलसी महिला को जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वही पत्नी को बचाने के चक्कर में पति भी झुलस गया। इस दौरान मां-बाप के साथ हादसे में दूधमुंहा बच्चा भी झुलसा गया। पिता पुत्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सारंगढ़ थाना क्षेत्र के मौहारभाठा में रहने वाली प्रीति भट्ट खाना बनाने के लिए चूल्हा जला रही थी। मिटटी का तेल डालकर जैसे ही उसने माचिस जलाई। इसी दौरान पास में ही रखे मिट्टी तेल का जरकीन उसमें गिर गया और चूल्हे की आग भड़क उठी। आग ने महिला के कपड़ों को पकड़ लिया। इसमें महिला ने पहले खुद आग बुझाने का प्रयास किया। आग अधिक बढ़ जाने पर जब वह मदद के लिए चिल्लाई तो घर में मौजूद उसका पति करण भट्ट ने किसी तरह आग बुझाई। तब तक महिला गंभीर रूप से झुलस गई थी। पत्नी को बचाने के चक्कर में पति भी आग की चपेट में आकर झुलस गया। वहीं इस दौरान एक दूधमुंहा बच्चा भी मां बाप के साथ झुलस गया। तीनों को पहले सारंगढ़ अस्पताल ले जाया गया लेकिन गंभीर रूप से झुलसी महिला की स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रिफर किया गया। जहां इलाज के दौरान महिला प्रीति भट्ट की मौत हो गई। वहीं करण भट्ट व दूधमुंहा बच्चा का इलाज जारी है।

आधुनिकीकरण एवं संरक्षा कार्य : कुछ ट्रेनें होगी प्रभावित

रायगढ़ (आरएनएस)। रेलवे प्रशासन द्वारा दुर्घटनारहित परिचालन सुनिश्चित करने आधुनिकीकरण एवं संरक्षा संबंधी कार्यो को जल्दी से जल्दी पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न सेक्शनों में आधुनिकीकरण एवं संरक्षा संबंधी कार्यो के फलस्वरूप कुछ सवारी गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होगा, जिसका विवरण इस प्रकार है।

दिनांक 26 मई से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को रद्द होने वाली गाड़ियां : दिनांक 26 मई से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को रायपुर एवं इतवारी के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 58205 रायपुर.इतवारी पैसेंजर रद्द रहेगी । दिनांक 26 मई से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को इतवारी एवं रायपुर के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 58206 इतवारी.रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी । दिनांक 26 मई से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को रायपुर एवं डोंगरगढ़ के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 68709 रायपुर.डोंगरगढ़ मेमु रद्द रहेगी । इसी तरह प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को डोंगरगढ़ एवं रायपुर के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 68710 डोंगरगढ़.रायपुर मेमु रद्द रहेगी। दिनांक 26 मई से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को रायपुर एवं डोंगरगढ़ के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 68721 रायपुर.डोंगरगढ़ मेमु रद्द रहेगी। वहीं प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को डोंगरगढ़ एवं गोंदिया के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 68723 डोंगरगढ़.गोंदिया मेमु रद्द रहेगी। दिनांक 26 मई से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को गोंदिया एवं रायपुर के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 68724 गोंदिया.रायपुर मेमु रद्द रहेगी। वहीं प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को रायपुर एवं डोंगरगढ़ के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 68729 रायपुर.डोंगरगढ़ मेमु रद्द रहेगी। दिनांक 26 मई से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को डोंगरगढ़ एवं रायपुर के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 68730 डोंगरगढ़.रायपुर मेमु रद्द रहेगी।

प्रत्येक रविवार को आंशिक रद्द होने वाली गाड़ियां : दिनांक 26 मई से 30 जून तक प्रत्येक रविवार को गोंदिया एवं झारसुगुडा से छुटने वाली 58118-58117 गोंदिया-झारसुगुडा-गोंदिया पैसेंजर बिलासपुर-दुर्ग-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी। इसी तरह प्रत्येक रविवार को रायपुर एवं गेवरारोड से छुटने वाली 68746-68745 रायपुर-गेवरारोड-रायपुर मेमु रायपुर.बिलासपुर.रायपुर के मध्य रद्द रहेगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती [illegible] श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी [illegible] एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित [illegible] कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

स्थापना दिनांक
1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से
लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी
समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़,
पुसौर, मनार, घरघोड़ा,
धरमजयगढ़,
पत्थलगांव लुड़ेग,
कांसाबेल, कुनकुरी,
जशपुर एवं आसपास
के क्षेत्रों में एजेंसी देना
है, तत्काल
संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे,
कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं.
9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480